## सार-समाचार

### प्रखर राजस्थान कार्यक्रम का शुभारम्भ

**रेवदर,** (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में सोमवार को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर की ओर से प्रखर राजस्थान कार्यक्रम 2024-25 की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष सरपंच अजबाराम चौधरी, मुख्य अतिथि सीबीईओ अनाराम मोबरसा , विशिष्ट अतिथि गणेश ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हरिसिंह देवडा ने अपने वक्तव्य द्वारा विद्यार्थियो को पढाई का महत्व समझाया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अन्नाराम मोबारसा ने बताया कि राष्ट ीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के क्रम में प्रारंभिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों हेतु प्रखर राजस्थान कार्य म का शुभारंभ किया गया है। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर भाग 2 में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्य म का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य ओमजीलाल शर्मा ने बताया कि सरकार की यह योजना 9 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगी, जिसके अंतर्गत कहानी, ध्वनि जागरूकता के खेल, डिकोडिंग एवं पठन के माध्यम से प्रवाहशीलता विकास करना, पढने के प्रवाह और समझने की क्षमता को बढाने से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएगी। तथा संदर्भ व्यक्ति छगन रावल ने अपना वक्तव्य दिया। प्रभारी कमलेश कुमारी संत सहित केशव राम हरि सिंह देवडा, भगवान सिंह भाटी, रिजवाना बानो, अनुराधा मीणा, रिंकू राठौर, भगवान दास, चंदूराम कोली इरफान खान उपस्थित थे।

### इस्कॉन पाली का 11 को राधाष्टमी महोत्सव

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर में ऐतिहासिक जगन्नाथजी की रथयात्रा व भव्य श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के बाद इस्कॉन पाली के द्वारा भाद्रपक्ष शुक्ल अष्टमी, 11 सितम्बर को राधाष्टमी का आयोजन किया जायेगा। इस्कॉन के कार्तिक कृष्ण प्रभु ने बताया कि अमरनाथ नगर, किसान केसरी गार्डन के पीछे पाली में स्थित इस्कॉन केन्द्र में आने वाली दिनांक भाद्रपक्ष शुक्ल अष्टमी, 11 सितम्बर को राधाष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। सायं 4:30 बजे से कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। जिसमें कीर्तन, अभिषेक, छप्पन भोग, आरती, कथा/प्रवचन, नाट्यय, नृत्य आदि कार्यक्रम होंगे। उसके बाद सभी भक्तों के लिए प्रसादम् की व्यवस्था रहेगी। इस्कॉन के कार्तिक कृष्ण प्रभु ने बताया जाता है कि श्री राधा श्री कृष्ण के प्रेम का प्रतिरूप हैं, फिर भी राधा रानी श्री कृष्ण की सेवा के लिए आतुर रहती है। उनकी सभी चेष्टाएं केवल अपने प्राणप्रिय कृष्ण को सेवाओं से प्रसन्न करने पर केंद्रित होती है। वह वैंकुठ में देवी लक्ष्मी, द्वारका में समस्त महिषीगण, और व्रज में गोपांगना गण आदि रूपों में अपना विस्तार करती हैं। कृष्ण की तृष्टि हेतु, असंख्य रूपों में स्वयं को विस्तारित कर वह कृष्ण सेवा में नियुक्त करती हैं, क्योकि सेवा ही प्रेम की पराकाष्ठा है। अतः सभी पाली जिले के समस्त भक्तजन राधाष्टमी महोत्सव में भाग लें।

### धोरीमन्ना उप अस्पताल में मरीज बढ़े

**धोरीमन्ना,** (निसं)। धोरीमन्ना का उप अस्पताल में इन दिनों मौसमी बीमारियों को लेकर मरीजो की संख्या में बढ़ोतरी हो रही हैं। जिला उप अस्पताल को देखते हुए स्टाफ कम होने के कारण एवं मौसमी बीमारी के सपेट में आने से मरीजों की संख्या काफी बढने से ओपीडी में बढोतरी हो रही है। अस्पताल में एक बेड के ऊपर दो व तीन तीन मरीज एक साथ इलाज करवा रहे हैं। दूसरी तरफ 1 से 9 सितंबर तक सफाई कर्मचारी हडताल पर बैठे हैं। जिससे अस्पताल में चारों तरफ गंदगी का आलम पसरा हुआ है। मरीज ने बताया कि शौचालय में जाने लायक नहीं है। वहीं जांचे बाहर से करवानी पड रही है। एक्स-रे सोनोग्राफी भी बंद है। दवाइयां बाहर से भी मंगाई जा रही है। 12 बजते ही लेबोरेटरी में जांच बंद कर देते हैं। डिलीवरी में भी रोजाना 10 से 12 कैस आते हैं। इसके अलावा शिशु वार्ड बंद है। मौसमी बीमारी के कारण मरीजों की संख्या डबल हो गई है। अस्पताल में इसीलिए स्टाफ की बहुत बडी भारी कमी है। स्टाफ की कमी के कारण धोरीमना क्षेत्र के मरीज बडे परेशान है। अस्पताल के प्रभारी बीरबल खिलेरी ने बताया कि अस्पताल में स्टाफ की कमी है मरीजों की संख्या बढ गई है। आठ नर्सिंग स्टाफ के भरोसे पूरा हॉस्पीटल चल रहा है।

### कबड्डी प्रतियोगिता छात्रा वर्ग हुई

**धोरीमना,** (निसं)।68 वी जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता छात्रा वर्ग का आयोजन सुदाबेरी में होने जा रहा है। 17,व,19,वर्ष, छात्रा वर्ग जिला स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 11 सितंबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुदाबेरी में चल रहा है। इस प्रतियोगिता में 17 वर्ष छात्र वर्ग ने पूरे जिले से 55 टीम में वह,660 खिलाडी भाग ले रहे हैं। इसी तरह 19 वर्ष छात्राएं 28 टी में 336 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 17 वर्ष छात्रा वर्ग कुल 54,मैच व 19 वर्ष छात्रा वर्ग में 27 मैच होगे। प्रतियोगिता के सफल क्रियान्विति के लिए पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए 44 निर्णायक, 60 कार्मिकों, 90 दल प्रभारी, 25, शारीरिक शिक्षक की ड्यूटी लगी हुई है। प्रतियोगिता पर्यवेक्षक के रूप में रघुनाथराम विश्नोई, मोहनी बिश्नोई, सुरक्षा व्यवस्था थाना अधिकारी मानकराम बिश्नोई, प्रतियोगिता व्यवस्था प्रभारी नवीन सिंह, कंट्रोल रूम प्रभारी सोमदान चारण,राजेश खिलेरी, सुनील कावा सेवाएं दे रहे हैं।

### गाय को राष्ट्रीय दर्जा देने को मांग

**गुडामालानी,** (निसं)। क्षेत्र के नया नगर गांव में चौबीस घंटे एक टांग पर खडे रहकर चातुर्मास कर रहे खोडियार गौशाला विराणा के संस्थापक ईश्वर भाई भगत द्वारा गौमाता (गाय) को राष्ट्रीय पशु घोषित करने को लेकर हजारों लोगों के साथ कलश यात्रा एवं वाहन रैली के साथ नगर मन्दिर से गुडामालानी पहुंचे। जहां उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। चातुर्मास कर रहे भगत का चार माह खर्च उङ्गाने वाले भामाशाह किशनसिंह पुत्र जेठूसिह नया नगर ने बताया कि खोडियार गौशाला, विराणा के संस्थापक ईश्वर भाई भगत के द्वारा नया नगर में चातुर्मास किया जा रहा है। सोमवार को गाय को राष्ट्रीय दर्जा देने को लेकर हजारों कि तादाद में महिलाओं एवं पुरुषों ने रैली में भाग लेकर ज्ञापन देने गुडामालानी पहुंचे। ज्ञापन में बताया कि हम भारत देश के रहवासी होने के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पित गौभक्त है। हमारे देश के सभी हिन्दू लोगों की आस्था का प्रतीक गाय को माना जाता है। गाय एक हिन्दुओं एवं सभी धार्मिक शास्त्रों के अनुसार देव तुल्य एवं करोडों देवी-देवताओं का निवास माना जाता हैं। वहीं सदियों से साधु संतों भी प्रत्यक्ष माना है। इसलिए हमारी मांग हैं कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करके की मांग कि। ज्ञापन देने के दौरान गांव के गणमान्य लोग एवं महिलाएं उपस्थित रही।

### अधिवक्ता परिषद् की प्रति. का प्रचार

जालोर, (कासं)। अधिवक्ता परिषद जालोर के तत्वावधान में आयोजित होने वाली जानिये अपने स्थानीय जनप्रतिनिधि को निबंध प्रतियोगिता के पत्रक का डोर टू डोर वितरण किया जा रहा हैं। जालोर जिले में प्रत्येक प्रतिष्ठान व प्रत्येक घरों के डोर टू डोर पहुंच कर पत्रक वितरण किये जा रहे है। परिषद के जिला सह-संयोजक अधिवक्ता ललित खत्री ने आमजन को अधिक से अधिक निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने का आव्हान किया। सह संयोजक ललित खत्री ने बताया कि जानिये अपने स्थानीय जन प्रतिनिधि को विषय पर निबंध लिखकर 11 सितम्बर तक 5 बजे तक जमा करवा सकते है। प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग में आयु 19 वर्ष तक तथा वरिष्ठ वर्ग में आयु 19 वर्ष से अधिक की रहेगी। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले को इक्कीस सौ रूपये, द्वितीय पुरस्कार पन्द्रह सौ एक, तृतीय पुरस्कार ग्यारह सौ तथा सांत्वाना पुरस्कार के रूप में पांच सौ- पांच सौ दिये जायेगे। परिणाम 21 सितम्बर को जारी किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक लोगो को भाग लेने का आव्हान किया गया।

### पोर्टेबल ई.सी.जी. मशीन भेंट की

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर विद्युत मशीनरी डीलर एसोसियेशन जोधपुर के पदाधिकारीगण पी.सी. चोपडा (पूर्व प्रेसिडेन्ट), अनिल गोयल (प्रेसिडेन्ट), अशोक माथुर (वरिष्ठ उप प्रेसिडेन्ट), विकास कुम्भट एवं राम अवतार राठी (सचिव) द्वारा एक पोर्टेबल ईसीजी मशीन मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर में सीटी/ओटी प्रभारी डॉ राकेश कर्नावट के अथक प्रयासों के फलस्वरूप डॉ नवीन किशोरिया (अधीक्षक, मथुरादास माथुर चिकित्सालय) एवं डॉ हरीश अग्रवाल तथा डॉ संदीप अरोडा की उपस्थिति में मरीजों के हित में दान की गई। यह मशीन अत्याधुनिक तकनीक द्वारा बिना किसी लैब तकनीशियन के कार्य कर सकती है जिससे चिकित्सा क्षेत्र में नवीन क्रांति आएगी। मशीन केवल फिंगरप्रिंट द्वारा ऑन कर स्वतः संचालित होती है। किसी आपातकालीन परिस्थिति में मशीन को आसानी से कार्य में लाया जा सकता है जिसकी रिपोर्ट मरीजों को मोबाइल पर आसानी से उपलब्ध हो जाएगी। उक्त एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी मरीजों की आवश्यकता पर सहयोग का आश्वासन दिया।

# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समयबद्ध तरीके से करें : गवांडे

**जालोर,** (कासं)। जिला कलक्टर प्रदीप के. गवांडे ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करें। जिला कलक्टर प्रदीप के. गवांडे सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को लेकर विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के स्वी.ति कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि आवंटन व डीपीआर बनाने सहित विभिन्न कार्यों को समय पर पूर्ण करें।

बैठक में जिला कलैक्टर ने बजट घोषणा 2024-25 के तहत जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल कनेक्शन, जालोर शहर में सीवरेज कार्य, 33 केवी सब स्टेशन भागली व मोहनजी की प्याऊ, भीनमाल चिकित्सालय का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, हरजी-पचानवा, पादरली-तखतगढ व कवराड़ा नदी पर पुल बनाये जाने, जालोर में स्टोन मण्डी, वोकल फॉर लोकल के तहत "वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट" पॉलिसी के अंतर्गत स्थानीय उत्पाद मोजड़ी को बढ़ावा देने के संबंध में की गई घोषणाओं के संबंध में प्रगति को लेकर बिन्दुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



जालोर के कलैक्ट्रेट में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में उन्होंने विद्युत, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सड़क सहित विभिन्न विभागों की भी समीक्षा की।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लक्ष्यानुरूप गति लाते हुए जिले के प्रत्येक घर को एफएचटीसी कनेक्शन में जोड़े जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभागवार प्रगति कार्यों की जानकारी ली तथा नगर परिषद जालोर को साफ-सफाई करवाने एवं आवारा पशुओं की धरपकड़ कर गौशालाओं में भिजवाने की बात कही।

इस दौरान उन्होंने मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग बढ़ाने तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए फोगिंग व एन्टीलार्वा एक्टिविटी करने व जल भराव वाले क्षेत्रों में एलएमओ का छिड़काव करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, विद्युत विभाग के एसई पी.एस.राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भुज खुड़ीवाल, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.सी.मीना व डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भजनलाल विश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भागीरथ विश्नोई ने जे.डी.ए. सचिव का कार्य संभाला



राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी भागीरथ विश्नोई ने जोधपुर विकास प्राधिकरण के सचिव पद का पदभार ग्रहण किया।

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी भागीरथ विश्नोई ने सोमवार को जोधपुर विकास प्राधिकरण के सचिव पद का पदभार ग्रहण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भागीरथ विश्नोई मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जैसलमेर के पद से स्थानांतरित होकर आए हैं। जेडीए के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें बुके प्रदान कर बधाई दी।

विश्नोई ने हरितीमा से सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। हरितीमा का स्थानांतरण अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाड़मेर के पद पर हुआ है। विश्नोई इससे पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जैसलमेर, उपायुक्त वाणिज्य कर जोधपुर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सिरोही, उपायुक्त नगर निगम जोधपुर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जैसलमेर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर पाली, सचिव (प्रशासन) जोधपुर डिस्कॉम, आयुक्त नगर निगम कोटा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी पाली, एडीएम (भू.रू.) जोधपुर, एसडीएम पीपाड सिटी, एसडीएम सोजत, उपायुक्त जेडीए जोधपुर आदि पदों पर पदस्थापित रहे हैं।

# राजू सिंह राजपुरा लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष बने



जालोर में जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा की संयुक्त जिला स्तरीय आम बैठक में राजूसिंह राजपुरा को जिलाध्यक्ष चुना। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कास)। जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा की संयुक्त जिला स्तरीय आम बैठक रावणा राजपूत छात्रावास एवं सभा भवन जालोर मे आयोजित की गयी।

बैठक में राजू सिंह राजपुरा के महासभा जिलाध्यक्ष के तौर पर 3 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने अपना त्याग पत्र संतोष भारती महाराज की उपस्थिति में संरक्षक मंडल को सुपुर्द किया, और तीन वर्ष का अपने कार्यकाल का लेखा जोखा पेश किया। संरक्षक मंडल ने उपस्थित युवा महासभा जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, तहसील अध्यक्षगण, नगर अध्यक्ष , पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व तहसील अध्यक्ष, ट्रस्ट अध्यक्ष, पट्टी अध्यक्ष गण और सभी समाज बंधुओ से सुझाव प्राप्त कर व चर्चा कर राजू सिंह राजपुरा को लगातार दूसरी बार सर्व सम्मति से जिला रावणा राजपूत महासभा का जिलाध्यक्ष 3 वर्ष के लिए मनोनीत किया। जिस पर राजू राजपुरा ने उपस्थित समाज बंधुओ का आभार व्यक्त करते हुए समाज हित में जल्द नवीन कार्यकारिणी बनाने की घोषणा की और कहा कि समाज व संगठन हित मे लगातार कार्य जारी रहेंगे।

बैठक मे युवा महासभा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह सिसोदिया,सिरोही जिलाध्यक्ष करणसिंह वीरवाडा सिरोही,बंसी सिंह चौहान आहोर, नारायण सिंह सायला, दलपत सिंह आर्य, जबर सिंह झाब, मोह्हबत सिंह भीनमाल, जसराज सिंह मेडा,राजू सिंह बडगाव, महेंद्र सिंह नारनावास, मदन सिंह डूंगरी, सुशीलपाल सिंह गेहलोत, महावीर सिंह बारड, उदय सिंह बिजरोल, छैल सिंह डूंगरवा, बलवंत सिंह सायला, बाबू सिंह परिहार जालौर, रेवत सिंह मांगलिया आहोर, परबत सिंह राजावत आहोर, अर्जुन सिंह मांगलिया जालौर, अभय सिंह माण्डवला, भेरू सिंह जालौर, मंजीत सिंह भाटी, हनुमान सिंह लाखनी, शैतान सिंह भीनमाल, नारायण सिंह भीनमाल, धन सिंह भीनमाल, भरत सिंह सिसोदिया जालौर, शिव सिंह बडगाव,धन सिंह गलीफा,जेठूसिंह मांगलिया आहोर,धन सिंह जालौर, पुख सिंह भाटी जालौर, सुख सिंह सिसोदिया, रमेश सिंह चांदुर,गुणेश सिंह तडवा, करण सिंह पादर, विक्रम सिंह परमार जालौर, अभिमन्यु सिंह मांगलिया जालौर, दिलीप सिंह सोलंकी, राम सिंह काबा मालवाडा, किशन सिंह कवराडा, दिलीप सिंह सोलंकी जालोर , राम सिंह काबा मालवाडा, किशन सिंह कवराडा, जोगेंद्र सिंह आहोर, भंवर सिंह आहोर, भीम सिंह अहोर, मनोहर सिंह रानीवाडा खुर्द, वीर सिंह पंवार, हंसराज सिंह भाटी सहित काफी संख्या मे समाजबंधु उपस्थित रहे।

## वीराना को शामिल करने पर आपत्ति

**सायला,** (निसं) दुदेश्वर महादेव मठ में सोमवार को ग्राम पंचायत सायला को नगर पालिका बनाने पर ग्रामीणों की आमसभा का आयोजन हुआ। नवगठित नगरपालिका सायला में अन्य किसी गांव को शामिल नही करने को लेकर चर्चा की गई।

आमसभा में ग्रामीणों द्वारा नगरपालिका सायला में राजस्व ग्राम वीराणा को शामिल करने पर आपत्ति जताई गई। साथ ही सर्वसम्मति से प्रस्ताव लेकर नगरपालिका सायला में राजस्व गांव वीराना एवं अन्य किसी ग्राम पंचायत अथवा गांव को शामिल नही करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों द्वारा राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार हीरसिंह चारण को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में नवगठित नगरपालिका सायला में जोडे गए राजस्व गांव वीराना को हटाने एवं अन्य किसी गांव को शामिल नही करने की मांग की। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## छात्राओं ने दिखाया दम

**सायला,** (निसं)। खेल मैदान में विवेकानंद विद्या मंदिर (मा.वि.) के तत्वावधान में चल रही 68 वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता छात्रा वर्ग (17 व 19 वर्ष) के दूसरे दिन सोमवार को टीमों के मध्य रोमांचक मैच हुए। खिलाड़ियों ने दमखम के साथ मैदान में अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।

आयोजन समिति के अनुसार 19 वर्ष छात्रा वर्ग में पहला मैच राउमावि पीजोपुरा व मरुधर विद्या मंदिर (उ.मा.) विद्यालय थोबाऊ के बीच खेला गया। जिसमें थोबाऊ की टीम विजेता रही। दूसरे मैच में राउमावि जालमपुरा ने राउमावि बोरवाडा को हराया। तीसरे मैच में राउमावि खेतलावास ने राउमावि धोराढाल भीनमाल को हराकर जीत दर्ज की। चौथा मैच राउमावि थांवला व डॉ.बीआर अंबेडकर राबाउमावि भैंसवाड़ा के बीच हुआ। जिसमें थांवला की टीम ने जीत दर्ज की। इसी प्रकार 17 वर्ष छात्रा वर्ग में राउमावि बाकरा रोड तथा विवेकानंद विद्या मंदिर सायला के बीच खेला गया। जिसमें सायला विजेता रही। अन्य मुकाबलों में राउमावि खेतलावास, राउमावि चोंचवा एवं महात्मा गांधी राउमावि डाबली मठ ने भी जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में संयोजक असलम खान, नूर मोहम्मद, गिरिराज गुर्जर, सुरेंद्र कुमार, सरोज कंवर आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मैच के दौरान ग्रामीण व खेल प्रेमी भी दर्शक के रूप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। इस दौरान आयोजक विद्यालय के संस्था प्रधान महेश दवे, प्रधानाध्यापक सुशील दवे, डूंगराराम राणा, तिलोकाराम चौधरी, महेंद्र कुमार, संगीता जबल, खेताराम मेघवाल, टीम प्रभारी डिम्पल जीनगर, राकेश, महेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, ममता आदि मौजूद थे।



जिला स्तरीय 14 वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिता.सुबोध इंग्लिश स्कूल गोडिजी जालोर में आयोजित कुश्ती पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में रा.उ.प्रा.वि.मादलपुरा के प्रतिभागी शाहनवाज खान पठान ने ( 48 भार वर्ग ) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरशद खान ने ( 44 किलो भार वर्ग ) में द्वितीय स्थान एवं सोहेल खान ने ( 35 किलो भार वर्ग )में तृतीय स्थान प्राप्त किया। एस.एम.सी कमेटी सदस्यों ने श्याम सिंह चम्पावत शारीरिक शिक्षक एवं दल प्रभारी को बधाई दी तथा विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर इब्राहिम खान, हितेष दवे ,भोलाराम देवासी, भंवरू खान पठान, माया शर्मा उपस्थित रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

# जालोर में क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण कार्य करवाने की मांग की

**जालोर,** (कासं)। जालोर नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष बंसत सुथार सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत् वर्ष-2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में बनी डामर व सी.सी. सडके गारंटी अवधि से पहले ही टूट-फूट चुकी है, जिसे पुनः उन्हीं ठेकेदारों से बनवाने की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौपा। शहर में करीब बीस सड़कें क्षतिग्रस्त होने से लोगों में आक्रोश है।

ज्ञापन में जालोर नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट योजना के अन्तर्गत वर्ष-2021-22 तक कुल दस सडक निर्माण की वित्तीय स्वीकृति करीबन 6 करोड रूपये की व वर्ष-2022-23 तक कुल बीस सडक निर्माण की वित्तीय स्वीकृति करीबन सात करोड रूपये एवं 2023-24 तक कुल सताईस सडक निर्माण की वित्तीय स्वीकृति करीबन दस करोड रूपये की गई थी। उक्त सडके सी.सी. व डामर की बनाई गई, जो कि कुछ सडक मात्र् तीन महिनों में सडके उदड गई और गड्डो में तब्दील होकर कंकर व मिट्टी बाहर निकल आई है, जिससे सडकों पर आवागमन करने वाले लोगों एवं वाहन चालकों में भारी रोष व्याप्त है। सडक की डामर व सीसी उखडने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा ठेकेदारों व पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारियों पर गंभीर आरोप भी लगाये है, लेकिन इन अधिकारियों की मोनिटरींग समय-समय पर नहीं होने के कारण सडके भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है,

ज्ञापन में बताया कि इस मामले को लेकर पूर्व में भी कई बार पी.डब्लयू.डी. अधिकारियों को सूचित किया गया है गुणवत्तापूर्वक दुबारा इन सडकों को बनाने की मांग भी की गई, लेकिन तीन साल में पी.डब्ल्यू.डी. अधिकारियों द्वारा इन ठेकेदारों को गारंटी अवधि में बनी सडके पुनः बनाने के निर्देश नहीं दिये गये, जिससे आज जालोर की करीबन 40 में से 20 सडके जर्जर हो चुकी है।

जालोर शहर के हरिदेव जोशी सर्कल से हैड पोस्ट ऑफिस मैन रोड, जालोर पंचायत समिति से सामतीपुरा रोड, गांधी चौक से तिलक द्वार, भीनमाल मैन रोड से धवला रोड, केशरनाथ कॉलोनी, आहोर रोड पर शारदा मोटर्स से विश्वकर्मा छात्रावास ,राजेन्द्र नगर रोड, घांचियों की पिलाना, रेल्वे स्टेशन के पीछे, मेगा हाई-वे, पोलजी नगर के पास आदर्श नगर विभिन्न स्थानों की सडके व चामुण्डा गार्डन के आस-पास, इसके अलावा जालोर में विभिन्न मार्गो पर सडको के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने से सडके क्षतिग्रस्त होने से लोगों के लिए चलना दुर्भर हो गया।

ज्ञापन में बताया कि जो टेण्डर ठेकेदार निविदा की शर्त पर लेते है, वे ठेकेदार आगे से आगे अन्य को ठेके देते है और फिर जो असल ठेकेदार सडक निर्माण करते है, वे भारी कमाई करने के उद्देश्य से घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करते है और फिर मूल ठेकेदार पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारियों/कर्मचारियों से मिलीभगत कर एवं भारी भ्रष्टाचार कर, सांठ-गांठ कर बिना कोर कटिंग एवं बिना मौका निरीक्षण एवं बिना सडक की गुणवत्ता के बिल पास कर भारी रकम उठाकर, राजकोष की राशि उठाकर अमानत में खयानत की है। वर्ष-2022 से 2024 तक मुख्यमंत्री शहरी बजट योजना के तहत् जालोर शहर में बनी तमाम सडके जो सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई है, उन बनी सडकों पर जांच कमेठी गठित कर, मौका निरीक्षण कर एवं दस्तावेज जांच कर एवं ठेकेदारों की मैजरमेंट बुक आदि दस्तावेज की जांच करावें तथा गारण्टी अवधि में बनी सडके जो वर्तमान में टूट-फूट गई है, जिनकी पुनः जांच, दोषी ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही करावें एवं उन्हीं दोषी ठेकेदारों से पुनः सडक निर्माण करने का ऐसा आदेश करावें ताकि जालोर की जनता को सुविधा मिल सके एवं राजकोष को हानि न हो।

ज्ञापन देते समय जालोर नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार, कांग्रेस नगर अध्यक्ष मुमताज अली सैय्यद, पूर्व मनोनीत पार्षद सुरेश मेघवाल, कांग्रेस कमेटी जिला सचिव तरुण सोलंकी, जोगाराम, बशीलाल सहित कई जने उपस्थित थे।

## भागवत कथा में श्रद्धालुओं को देशभक्ति के रंग में रंगा

**पाली,** (नि.सं.)। पाली के गांधी मूर्ति स्थित गीता सत्संग भवन में पिछले 5 सितंबर से 11 सितंबर तक चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन वृंदावन से आई कथा वाचक देवी हेमलता शास्त्री ने देश भक्ति के गीत के साथ दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए जीत पर तिरंगा लहरा कर लोगों में एकता व राष्ट्रवाद जगाई।

उन्होंने कहा कि जन्म मृत्यु के बीच जन्म जन्मांतर तक भागवत कथा हमारा कल्याण करती है। देवी ने कहा की राजस्थान की धरती वीर पुरुषों की धरती जा महाराणा प्रताप पन्नाधाय महारानी पद्मिनी के बलिदान की भूमि है। अब समय आ गया कि हमें हिंदुत्व की भावना लेकर जाति धर्म से हटकर एकता की मिसाल दें। हम बाटेंगे तो कटेंगे, एकता से हिंदू सनातन की भावना जगाओ, हमें लकीर का फकीर नहीं बनना चाहिए। समाज में फैली कुरीतियों को बंद करे, पशु बलि बाल विवाह, पर्दा प्रथा बंद करें, अपने आप संस्कृति को पहचानो। अपनी संस्कृति बहुत सुंदर है, मंदिर जाने बड़ों को प्रणाम करने मैं शर्म कैसी, अपने भीतर भक्ति जगाओ और भक्ति की सुरक्षित करने के लिए शक्ति की जरूरत होती है। आज की कथा में गोकुल के लोगों में इंद्र की पूजा बंद कर भगवान गिरिराज की पूजा करनी शुरू करें, क्योंकि इंद्र तो लेते हैं और अपने गिरिराज तो सब कुछ देते हैं। इसलिए इनकी पूजा करो जिससे इंद्र कुपित हो गए और बारिश शुरू कर दी। यहां भी कथा में बारिश शुरू हो गई थी, लेकिन कान्हा ने उंगली पर गिरिराज का उठाकर गोकुलवासी और गो पालकां की रक्षा की, बाल लीला करते हुए कई राक्षसों का अंत किया।, सांवरा अच्छी बजाई रे बांसुरी, हां धरती धोरा री, इनमें देव रमन ना आवे, भजनों पर श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया। आरती के पश्चात गीता भवन के परम अध्यक्ष स्वामी प्रेमानंद महाराज ने कहा कि देवी हेमलता शास्त्री सितंबर माह में ही विदेश लंदन में जाकर कथा करेगी, जिसका यूट्यूब पर भक्तों को लाभ मिलेगा। यहां पर 11 तारीख तक कथा चलेगी। ,

कथा के सहयोग में भगत कालू भाई , देवी सिंह, शिव मालवीय, शांतिलाल जोशी, जय नारायण अरोड़ा, अंबालाल सोलंकी का सहयोग रहा, कथा रोजाना 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हो रही है।